राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

मंगलवार ● 14 फरवरी ● 2017

16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

नर्सरी दाखिले के आवेदन का अंतिम मौका

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

राजधानी के सरकारी जमीन व निजी जमीन पर बने गैर सहायता प्राप्त पब्लिक स्कूलों के नर्सरी कक्षा में दाखिले के लिए यदि आपने अभी तक आवेदन नहीं किया है तो जल्दी करें। मंगलवार को नर्सरी में दाखिले का आवेदन करने की अंतिम तिथि है। इसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे। जिन स्कूलों मे ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया है, वहां ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जिन स्कूलों में ऑफलाइन दाखिला प्रक्रिया है, वहां ऑफलाइन आवेदन करना होगा। स्कूलों में पहली दाखिला लिस्ट 7 मार्च को जारी की जाएगी।

पहली दाखिला लिस्ट 7 मार्च व दूसरी 17 मार्च को

शिक्षा निदेशालय के आदेश के तहत स्कूलों के आवेदन फॉर्म में नेबरहुड और स्कूल का अपने क्राइटेरिया दोनों को तरजीह दी गई है। दाखिले के क्राइटेरिया को लेकर मामला कोर्ट में चल रहा है। निदेशालय द्वारा जारी सर्कुलर के मुताबिक आवेदन के बाद स्कूलों को आवेदन के ब्योरा 21 फरवरी को वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। इसके बाद 28 फरवरी को प्वाइंट्स के तहत दिए गए मार्क्स के साथ वाली लिस्ट जारी करनी होगी। इसी प्रकार 7 मार्च को पहली दाखिला सूची जारी करनी होगी। 8 मार्च से लेकर 10 मार्च तक अभिभावक लिस्ट को लेकर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद 17 मार्च को दाखिले की दूसरी लिस्ट जारी की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च रखी गई है। पीतमपुरा वसुधा एन्क्लेव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य रमा पाठक ने बताया कि सोमवार तक 700 लोग ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं। जबकि ऑफलाइन 400 आवेदन हो चुके हैं। स्कूल में नर्सरी 60 सीटें हैं। पीतमपुरा स्थित एसडी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य अनिता शर्मा ने बताया कि लगभग 800 ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं। स्कूल में जनरल की 80 व ईडब्ल्यूएस की 20 सीटें हैं। पब्लिक पंजाबी बाग स्थित एससी जिंदल स्कूल के प्रधानाचार्य डीके पांडेय ने बताया कि नर्सरी में दाखिले के लिए 3500 फॉर्म लिए जा चुके हैं। स्कूल में नर्सरी के लिए 125 सीटें हैं।